हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 30 अक्तूबर 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

Page NO : 07 MIDDLE

नकुल ने कायम रखीं बरेली की उम्मीदें

टेबल टेनिस

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

आयोजन

- यूपी स्टेट और इंटर जोनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता
- आज खेले जाएंगे फाइनल मैच होगा प्रतियोगिता का समापन

यूपी स्टेट और इंटर जोनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। यूथ ब्वॉयज के प्री क्वार्टर फाइनल में बरेली के नकुल गुप्ता ने सत्यम गुप्ता को 3-2 से हराकर बरेली की उम्मीदों को जिंदा रखा।

एसआरएमएस कैंपस में पुरुष वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में आगरा के हार्दिक ने लखनऊ के सत्यम को, लखनऊ के दिव्यांशु श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के अक्षत त्यागी को, प्रयागराज के राहुल सिंह ने गाजियाबाद के सार्थक मिश्रा को, गाजियाबाद के सार्थक ने एसआरई के अंश को, लखनऊ के गौतम ने मुरादाबाद के अंकुश कपूर को पराजित किया। जूनियर बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद के अक्षर त्यागी ने आगरा के साहिल को, गाजियाबाद के ही शिवम चंद्रा ने प्रयागराज के उज्ज्वल राय को, लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के दक्ष त्यागी को और एसआरई के अंश ने आगरा के आशुतोष कुमार सिंह को हराया।

एसएमआरएस में सोमवार को टेबल टेनिस मैच में शॉट लगाती खिलाड़ी। • हिन्दुस्तान

बालिका वर्ग में भी रोचक मुकाबले

जूनियर बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रयागराज की अंबिका गुप्ता ने अपने ही शहर की वैष्णवी को, गाजियाबाद की महिका दीक्षित ने गाजियाबाद की सुहानी को, गाजियाबाद की राधा प्रिया गोयल ने आगरा की वर्तिका भारत को, मुरादाबाद की सुहाना ने प्रयागराज की सृष्टि जायसवाल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी शंकर पाल के साथ इंटरनेशनल रेफरी अमित सिंह, मुख्य निर्णायक अतुल रस्तोगी, पराग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से

बरेली। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट का मंगलवार को शुभारम्भ होगा। चार नवंबर तक चलने वाले आयोजन में देशभर से करीब 850 जूनियर और सीनियर खिलाड़ी भाग लेंगे।

जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल बाजपेई और सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि मंगलवार सुबह नौ बजे से स्टेडियम व एसआरएमएस में मुकाबले शुरू हो जाएंगे। पुरुष एकल में बरेली के दीपक शर्मा, जुनैद अंसारी, दीपक मिश्रा, प्रीत सचदेवा, नमन गांधी, विशाल पचनंदा, जबकि युगल में देवेंद्र थापा, अर्सलान नक्वी, गुरप्रीत सिंह, दीदार सिंह, मृदुल बत्रा और महिलाओं में वानी शर्मा, प्राची शर्मा और कोपल गर्ग चुनौती पेश करेंगे।